भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27.08.2024

विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दिनांक 26.08.2024 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के कर्मचारी विश्राम गृह एवं टाइप 4 मंदिर (आधुनिकेश्वर धाम) में कर्मचारियों के सहयोग से श्री कृष्ण जन्मोत्सव (जन्माष्टमी) कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम में सभी कॉलोनी के बच्चों ने रंग–बिरंगे कृष्ण एवं राधा रानी के वेश में पहुँचकर कार्यक्रम को और सुंदर बना दिया। प्यारे–प्यारे बच्चों को कृष्ण एवं राधा रानी रूप में देख कर सभी लोग मन्त्रमुग्ध हो गये। कर्मचारी विश्राम गृह में अयोजित कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड के बच्चों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। योजना समिति के लोगो ने सभी बच्चों को उपहार से सम्मानित किया।

इस वर्ष इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी  अनिल श्रीवास्तव, कार्य प्रबंधक रामरंजन पटेल उपस्थित रहें। जिनको योगेश्वर श्रीकृष्ण भगवान की प्रतिमा देकर सत्येस यादव, बलीराम यादव, रंजीत कुमार सिंह, प्रेम यादव ने सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से लोकनाथ यादव, सुनील यादव, सुनील कुमार, योगेन्द्र सिंह यादव, अमितराज यादव, बिनोद यादव, सुधीर कुमार, माधव कुमार सिंधिया, जितेन्द्र यादव, पांडव कुमार, विकास कुमार, हरिओम, हरिकेश यादव, विक्रांत, उमेश यादव, अशोक यादव, रंजीत यादव, विक्रांत आर्या, अमित कुमार, आदि के साथ–साथ आदित्य प्रकाश और उनकी स्काउट एंड गाइड की टीम व्यवस्था बनाने में मौजूद रहें।

27/08/2024

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी